**APPLY ONLINE**

# विपणन विभाग

# **भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड**

**विज्ञापनसंख्या:-3/BPNL/2020-21**

निगम की स्थापना का उद्देश्य पशुपालको एवं किसानो को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से प्रगति प्रदान करना है | "स्वस्थ पशु सुरक्षित पशुपालक योजना" के तहत निगम के उत्पाद "गोल्ड दूधधारा कैल्शियम" के विक्रय एवं प्रति कैन एक पशुपालक को एक लाख का दुर्घटना बीमा निःशुल्क (एक वर्ष के लिए) प्रदान करने हेतु एवं निगम की अन्य भविष्य की योजनाओं को पशुपालको एवं किसानो तक पहुंचाने हेतु निम्न पदों पर सक्षम उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित है ; आवेदक विज्ञापित एक से अधिक सेवाओं के लिए अलग अलग आवेदन प्रस्तुत करे | रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है |

| क्रम संख्या | पदनाम | पद संख्या | आयु सीमा (वर्ष में ) | आवेदन शुल्क☆ | मासिक वेतन☆ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विक्रय प्रबंधक | 108 | 25-45 | 826 | 21000 |
| 2. | विक्रय विकास अधिकारी | 540 | 21-40 | 708 | 18000 |
| 3. | विक्रय सहायक | 2700 | 18-40 | 590 | 15000 |

☆ भारत सरकार के नियमानुसार आवेदन शुल्क में 18% GST शामिल है |

☆ लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर मासिक वेतन का नियमानुसार आनुपातिक भुगतान किया जायेगा।

**विशेष :-**ऑनलाइन आवेदन पत्र में समस्त वांछित सूचना अंकित करें | आवेदन भरने से पूर्व विज्ञप्ति को ध्यानपूर्वक पढ़ लें | कोई सुचना गलत या अपूर्ण भरने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

## **1. पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता :-**

**1. विक्रय प्रबंधक:-**

1) भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक

2) विपणन क्षेत्र में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी |

**2. विक्रय विकास अधिकारी:-**

1) भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण

2) फील्ड कार्य में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी |

**3. विक्रय सहायक:-**

1) भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 10वीं उत्तीर्ण

2) विपणन क्षेत्र में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में वरीयता दी जायेगी |

**अन्य योग्यताएँ :-**

1) स्वास्थ्य- निगम में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवार अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का होना चाहिए|

2) चरित्र - निगम में सीधी भर्ती के लिए आवेदक का चरित्र अच्छा / उत्तम होना चाहिए |

## **2. श्रेणी अनुसार कार्य दायित्व**

**विक्रय प्रबंधक:-**

1. जिला स्तर पर पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा देने हेतु निगम के उत्पाद की लक्ष्यानुसार बिक्री एवं प्रचार-प्रसार करना |

2. जिला स्तर पर निगम के उत्पाद की आपूर्ति के लिए डीलर नियुक्त करना | (डीलर से सम्बन्धित सभी नियम एवं शर्ते निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं)

3. **<u>लक्ष्य</u>** - विक्रय विकास अधिकारी की सहायता से न्यूनतम **3000 गोल्ड दूध धारा कैल्शियम** कैन (एक कैन 5 ली.) प्रति माह बिक्री अनिवार्य |

4. निगम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम "पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता" एक ग्राम पंचायत एक रोजगार का विशेष रूप से प्रचार करना |

5. विक्रय प्रबंधक के अधीन न्यूनतम 5 विक्रय विकास अधिकारी होना आवश्यक है |

**विक्रय विकास अधिकारी:-**

1. तहसील स्तर पर पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा देने हेतु निगम के उत्पाद की लक्ष्यानुसार बिक्री एवं प्रचार-प्रसार करना |

2. तहसील स्तर पर निगम के उत्पाद की आपूर्ति के लिए डीलर नियुक्त करना | (डीलर से सम्बन्धित सभी नियम एवं शर्ते निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।)

3. निगम की सभी योजनाओं को आमजन में प्रचारित कर उनको इस कार्यक्रम से जोड़ना |

4. **<u>लक्ष्य</u>** - विक्रय सहायक की सहायता से न्यूनतम **600 गोल्ड दूध धारा कैल्शियम** कैन (एक कैन 5 ली.) प्रति माह बिक्री अनिवार्य |

5. विक्रय विकास अधिकारी के अधीन न्यूनतम 5 विक्रय सहायक होना आवश्यक है |

**विक्रय सहायक:-**

1. उत्पाद बिक्री आदेश प्राप्त करना और उत्पाद किसान और पशुपालक तक पहुँचाना |

2. विक्रय सहायक को चयन के पश्चात् घोषणा पत्र के साथ नियमानुसार उत्पाद प्राप्ति (**गोल्ड दूध धारा कैल्शियम** कैन ) हेतु 10,000 /- रु. की राशी निगम में जमा देनी होगी |जमा राशि के एवज में उत्पाद भेजा जायेगा |

3. पशु पालक का 1 लाख रु. का निःशुल्क दुर्घटना बीमा जारी करना |

4. **लक्ष्य** - न्यूनतम **120 गोल्ड दूध धारा कैल्शियम** कैन (एक कैन 5 ली.) प्रति माह बिक्री अनिवार्य |
   (किसी भी पशुपालक द्वारा निगम के गोल्ड दूध धारा कैल्शियम (एक कैन 5 ली.) की खरीद पर एक वर्ष के लिए 1 लाख रु. का दुर्घटना बीमा निःशुल्क जारी करना होगा| )

**3. <u>आवेदन प्रक्रिया :-</u>**

1. आवेदक ऑनलाइन आवेदन लिंक (APPLY ONLINE) पर क्लिक कर फॉर्म को पूरा भरे | फॉर्म में दिये गये सभी कॉलम को आवश्यक रूप से भरे |

2. फॉर्म भरने के बाद आवेदन शुल्क का भुगतान दिये गये विकल्पों में से किसी एक के माध्यम से करे|

3. आवेदन सम्बन्धी समस्याओं के लिए हेल्प लाइन नंबर ( 9351899199) पर सुबह10 बजे से सांय 5 बजे तक संपर्क करे |

4. **<u>ऑनलाइन आवेदन कैसे करे</u> :-**

1. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विज्ञप्ति डाउनलोड कर भर्ती से सम्बंधित सभी नियम एवं शर्ते ध्यानपूर्वक पढ़ ले |

2. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व स्कैन की हुई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर (फोटो छः माह से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) तैयार रखें

3. ऑनलाइन फॉर्म में मांगी गई सभी व्यक्तिगत जानकारी आवश्यक रूप से भरे |

**<u>नोट</u> :- आवेदक को सलाह दी जाती है कि ई मेल आई डी एवं मोबाइल नंबर स्वयं का भरे |**

**4.** ऑनलाइन भुगतान :- आवेदन शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड , क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग से किया जा सकता है | आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदक कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें |

5. आवेदक को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क की रसीद का प्रिंट लेकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखें | आवेदन पत्र को निगम के कार्यालय में भिजवाना आवश्यक नहीं है |

**4. <u>चयन प्रक्रिया :-</u>**

(क) आवेदन पत्र प्राप्ति के पश्चात् फॉर्म में भरी गयी जानकारी के आधार पर ऑनलाइन बौद्धिक परीक्षा (Apptitude Test) की सूचना आपकी रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर भेजी जाएगी|

(ख) ऑनलाइन परीक्षा में सफल रहे आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलावा ईमेल के माध्यम से भेजा जायेगा। इसी ईमेल के साथ आवेदक को कार्य के सम्बन्ध में अनुबंध घोषणा पत्र भेजा जायेगा, जिसे आवेदक द्वारा 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी करवाकर डाक के माध्यम से निगम के पते पर भेजना होगा। साक्षात्कार के समय आवेदक को पद के अनुसार मूल शैक्षणिक दस्तावेज , पहचान पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र व इन सभी की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी |

(ग) बौद्धिक जाँच व साक्षात्कार में सफल रहने वाले आवेदकों को कार्यशैली, रिपोर्टिंग व अन्य आवश्यक जानकारी के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसकी सूचना निगम द्वारा आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर दी जायेगी |

***<u>APPLY ONLINE</u>***